मिस हैटी और बंदर

लेखिका : हेलन

मिस हैटी और बंदर

मिस हैटी और बंदर

लेखिका : हेलन

जिंगल्स एक छोटा बंदर था.
उसका स्वामी एक बाजे-वाला था.
वह कुछ दिन पहले ही 'भूरे घर'
में रहने आये थे.

‘भूरा घर’ बड़े ‘सफ़ेद घर’ के आगे था.
मिस हैटी ‘सफ़ेद घर’ में रहती थी.
मिस हैटी हैट बनाती थी.
वह कोट और पोशाकें भी बनाती थी.
लेकिन अधिकतर वह हैट ही बनाती थी.

जब एक बंदर ‘भूरे घर’ में रहने आया तो
मिस हैटी को अच्छा न लगा.
उसे बंदर पसंद नहीं थे.

‘भूरे घर’ के सामने सड़क के दूसरी ओर
‘पीला घर’ था.
डिक और जीन और छोटा बिली
अपने माता-पिता के साथ उस घर में रहते थे.
डिक और जीन और बिली को
बन्दर अच्छे लगते थे.

जिंगल्स भी डिक, जीन और बिली को
पसंद करता था.
“देखो,” डिक बोला.
“जिंगल्स की टोपी पुरानी हो गई है.’
“उसका कोट भी पतला है,” जीन बोली.
“जिंगल्स को सर्दियों के लिये नया कोट चाहिये.”

बच्चों ने अपनी माँ को
जिंगल्स के बारे में बताया.
"सर्दी होने वाली है," माँ ने कहा.
"जिंगल्स को गर्म बिस्तर चाहिये होगा."
डिक बोला, "बाजे-वाले ने उसके लिये
गर्म बिस्तर बना दिया है."

"उसे हर दिन खाना चाहिये होगा,"
माँ ने कहा.
"बाजे-वाला उसे खाना खिलाता है,"
जीन ने बताया.

"कभी-कभी हम भी खाने के
लिये उसे कुछ दे देते हैं," डिक बोला.
"लेकिन जिंगल्स को एक गर्म कोट चाहिये.
बाजे-वाला गर्म कोट नहीं बना सकता.
हम जिंगल्स के लिये कोट नहीं बना सकते.
जिंगल्स के लिये नया कोट कौन बनाएगा?"

“मिस हैटी से बात करो,” माँ ने कहा.
“कोट बनाने के लिए
मैं कोई कपड़ा दे दूंगी.”
बच्चे मिस हैटी से मिलने गये.
जीन ने लाल रंग का कपड़ा ले लिया.
डिक ने चार बटन ले लिये.
बिली और जिंगल्स भी साथ गये.

डिक ने दरवाज़े की घंटी बजाई.
वह घंटी बजा ही रहा था कि एक बटन
उसके हाथ से नीचे गिर गया.
मिस हैटी ने खिड़की से बाहर देखा.
उसने जिंगल्स को बटन उठाते हुए देखा.
“प्लीज़, यह मुझे दे दो, जिंगल्स,”
डिक ने कहा.
जिंगल्स ने बटन उसके हाथ में रख दिया.
“धन्यवाद, जिंगल्स,” डिक ने कहा.

मिस हैटी ने दरवाज़ा खोला.
बच्चों को देख कर वह मुस्कराई.
लेकिन जिंगल्स को देख कर वह नहीं मुस्कराई.
मिस हैटी ने एक हैट पहन रखी थी.
और बड़े घेरे वाली एक स्कर्ट उसने पहन रखी थी.

"मुझे खेद है मैं आपको भीतर आने का निमंत्रण नहीं दे सकती," मिस हैटी ने कहा.
"मैं बाहर जा रही हूँ."
जीन ने मिस हैटी को लाल कपड़ा दिया.
डिक ने उसे बड़े बटन दिए.
"प्लीज़, मिस हैटी," डिक बोला.
"क्या आप जिंगल्स के लिए एक गरम कोट सिल देंगी?"
"मुझे अफ़सोस है," मिस हैटी ने कहा.
"मैं बंदरों के लिये कपड़े नहीं सिलती."

“लेकिन उसका कोट बहुत पतला है,” जीन ने कहा.
“मुझे क्षमा करें,” मिस हैटी ने कहा.
“मैं बहुत व्यस्त हूँ.
मैंने मेयर की पत्नी के लिये
दो हैट बनाई हैं.
वह आज सुबह एक यात्रा पर जा रही है.
मुझे अभी उसके पास दोनों हैट ले जाने हैं.
बच्चो, तुम सब घर जाओ.”

मिस हैटी इतनी अप्रसन्न लग रही थी कि
बच्चे उसी पल लौट कर घर आ गये.
जिंगल्स के कोट का सारा सामान
वह वहीं भूल गये.
मिस हैटी ने दो डिब्बों में दोनों हैट रख लीं.
वह झटपट प्रवेश द्वार से बाहर आकर
सीढ़ियाँ उतरने लगी.
विराम! अचानक मिस हैटी आगे न जा पाई.

मिस हैटी की बड़े घेरे वाली स्कर्ट
दरवाज़े में फंस गई थी. और दरवाज़ा बंद था.
मिस हैटी ने खींचा, और खींचा.
लेकिन उसकी बड़े घेरे वाली स्कर्ट
दरवाज़े में फंसी रही.

बाहर बरामदे में रखे एक गमले के नीचे
दरवाज़े की चाबी थी.
लेकिन मिस हैटी उस तक पहुँच न सकी.

उसने अपने छाते से गमले को धक्का दिया.
गमला गिर गया.
चाबी भी गिर गई.
लेकिन मिस हैटी चाबी तक पहुँच न सकी.

मिस हैटी को समझ न आया कि क्या करे.
“मेरी बस छूट जायेगी,” मिस हैटी बोली.
“मेयर की पत्नी को अपनी दोनों हैट
के बिना ही जाना पड़ेगा.
ओह, मैं क्या करूं?”

मिस हैटी किसी के आने
की प्रतीक्षा करने लगी.
दूध-वाला.
डाकिया.
अख़बार-वाला लड़का.
कोई नहीं आया.

फिर मिस हैटी को एक आवाज़ सुनाई दी.
वह जिंगल्स था.
वह मिस हैटी के बरामदे में
लौट आया था.
मिस हैटी गुस्से से उसे कहने वाली थी,
“अपने घर जाओ!”
यह समय बंदर के करतब देखने के लिए न था.

फिर जिंगल्स को चाबी दिखाई पड़ी.
उसने उसे उठा लिया.
उसने चाबी को ध्यान से देखा.
उसने उसे खनखनाया.
उसने उससे अपने बालों में
कंघा करने का प्रयास किया.
उसने विचित्र आवाज़ें निकालीं.

मिस हैटी ने जिंगल्स की ओर देखा.
उसके मन में एक बात आई.
उसने कहा, "प्लीज़, यह मुझे दे दो, जिंगल्स."
मिस हैटी ने अपना हाथ आगे किया.
जिंगल्स ने मिस हैटी को देखा.
उसने चाबी को देखा.

“प्लीज़, जिंगल्स यह मुझे दे दो,”
मिस हैटी ने कहा.
जिंगल्स पास आया.
उसने चाबी मिस हैटी के हाथ में रख दी.
“धन्यवाद, जिंगल्स,” मिस हैटी बोली.
जिंगल्स घर भाग गया.

मिस हैटी ने दरवाज़ा खोला.
उसने अपनी बड़े घेरे वाली स्कर्ट छुड़ाई.
उसने दुबारा दरवाज़ा बंद किया.
फिर वह झटपट बस की ओर चल पड़ी.

उसी दुपहर मिस हैटी ने बच्चों को बुलाया.

"मैं तुम्हें कुछ दिखाना चाहती हूँ," उसने कहा.

वहां जिंगल्स था.

जिंगल्स ने नया लाल कोट पहन रखा था.

जिंगल्स ने नई लाल हैट पहन रखी थी.

"ओह, मिस हैटी," बच्चे बोले.

"आपने जिंगल्स की नई पोशाक बनाई."

"हाँ," मिस हैटी ने कहा.

"जिंगल्स और मैं अब अच्छे मित्र हैं."

वह जिंगल्स की ओर देख कर मुस्कराई.

जिंगल्स ने मिस हैटी का हाथ थाम लिया.

उन्होंने एक-दूसरे की ओर ऐसे मित्रों की तरह देखा जिनका अपना कोई रहस्य था.

समाप्त